private armies formed on communal base in the capital;

b) if so, what are the details of the armies;

(c) whether Government are talcing any measures to check the activities of such armies m view of the deteriorating communal situation in the capital; and

Id) jf so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC IEVANCES AND PENSIONS AND MINISTRY OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI P. CHIDAMBARAM); (a) and (b) The formation of organisations, like Hindu Manch, Akhil Bharatiya Hindu Shiv Sfeakti Dal, Rashtriya H]ndu Shiv Sena, Bajrang Dal, Hindu Shiv Sena, Adam Sena, Muslim Manch, Al; Sena etc. tave come to notice of the Government.

(c) and (d) A close watch is kept over the activities of these organisations, and il action js taken against the members of such organisations as and when they come to adverse notice for violation of any law.

उर्दू समाचारपत्र संवाददाता संघ का ज्ञापन

3187. श्री चतुरानन मिश्र : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि श्री मीन अंसारी, अध्यक्ष अखिल भारतीय उर्दू समाचार पत्र संवाददाता संघ दानापुर, पटना ने आकाशवाणी के ट्रांसमीटर को अद्यतन करने, पटना में दूरदर्शन स्टूडियो की स्थापना किये जाने और पटना से प्रकाशित होने वाले समाचारपत्रों को आ रही कठिनाइयों के बारे में 30 मार्च, 1986 को सूचना और प्रसारण मंत्री के उस नगर के दौरे के दौरान एक ज्ञापन दिया था;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ; और

(ग) सरकार ने अब तक इस संबंध में क्या कार्यवाही की है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजीत पांजा) : (क) जी हां ।

(ख) और (ग) एक विवरण, जिसमें अपेक्षित सूचना दी हुई है, संलग्न है ।

विवरण

क्र० सं०	की गई मांग	की गई कार्रवाई
1	2	3
1.	आकाशवाणी, पटना से उर्दू समाचारों का दैनिक प्रसारण	आकाशवाणी के बिहार स्थित केन्द्र अर्थात् पटना, भागलपुर, दरभंगा और रांची इस समय भी उर्दू में समाचार बुलेटिन प्रसारित कर रहे हैं । इसके अलावा दरभंगा और पटना केन्द्र प्रति दिन 55--55 मिनट की अवधि के उर्दू में मूलरूप से कार्यक्रम प्रस्तुत कर रहे हैं, जबकि रांची केन्द्र 45 मिनट की अवधि का एक साप्ताहिक बुलेटिन प्रसारित कर रहा है । अतः पटना से मूल रूप से उर्दू बुलेटिनें शुरू करने का कोई प्रस्ताव नहीं है ।

1	2	3
2.	पटना ट्रांसमीटर की शक्ति 20 कि० वाट मीडियम वेव से बढ़ाकर 100 कि० वाट करना ।	यह परियोजना छठी योजना की चल रही स्कीम के रूप में पहले से ही कार्यान्वित की जा रही है । इसके अलावा, पटना के विज्ञापन चैनल के मौजूदा 1 किलोवाट मीडियम वेव के ट्रांसमीटर को 3 किलो-वाट एफ एम ट्रांसमीटर से बदलने की स्कीम आकाशवाणी की सातवीं योजना में शामिल की गई है । तथापि, इसका कार्यान्वयन, धनराशि की वास्तविक उपलब्धता पर निर्भर करेगा ।
3.	पटना में दूरदर्शन स्टूडियो केन्द्र की स्थापना ।	पटना में पूर्णरूपेण दूरदर्शन स्टूडियो केन्द्र को स्थापित करने की स्कीम दूरदर्शन की सातवीं योजना में शामिल है । इसका कार्यान्वयन भी धनराशि की वास्तविक उपलब्धता पर निर्भर करेगा ।
4.	उर्दू के समाचारपत्रों को अधिक मात्रा में विज्ञापन देना ।	विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय प्रचार आवश्यकताओं और धनराशि की उपलब्धता के अधीन रहते हुए विज्ञापन देने के मामले में उर्दू के समाचारपत्रों का पर्याप्त रूप से प्रयोग करता रहता है ।
5.	पत्र सूचना कार्यालय के पटना स्थित कार्यालय के लिए एक अलग कार्यालय भवन का निर्माण ।	वित्तीय संसाधनों पर दबावों को देखते हुए यह संभव नहीं समझा जाता है ।
6.	आकाशवाणी, पटना के कर्मचारियों की संख्या बढ़ाना ।	आकाशवाणी, पटना की समाचार यूनिट को स्वीकृत संख्या निर्धारित मानदण्डों के अनुसार है ।

Chargesheeting of the editor of economic and politicial weekly

3188. SHRI RAMKRISHNA MAZUMDER: Will !he Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state.

(a) whether the Maharashtra Government has chargesheetej the Editor of the "Economic and Political Weekly" under Section 124(A) and 505(1)(b) of the Indian Penal Code;

(b) if so, what are the reasons therefor;

(c) whether these charges have been enquired into; and

(d) if so, what is Government's reaction in the matter?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI P. CHIDAMBARAM); (a) No, Sir.

(b) to (d) Do not arise.